मुझे अगले जन्म में बनाना माँ

ये जन्म तो, यूँ ही गया ॥,
साँसे यूँ ही, बेकार की,,,
मुझे, अगले जन्म में, बनाना माँ,
पौढ़ी, अपने दरबार की ।
उलझा रहा, इस बार मैं,
माया में, इस संसार की,,,
मुझे, अगले जन्म में, बनाना माँ,
पौढ़ी, अपने दरबार की ॥

धूल तेरे, चरणों की शायद,
इसी बहाने, पा लूँ मैं ।
सुन सुन के, तेरे जयकारे,
सोए भाग, जगा लूँ मैं ॥
विश्वास, अटल है मेरा*,
पिघलेगा, दिल माँ तेरा* ॥
*सब पाप मेरे, धो जायेगी,
गंगा माँ, तेरे प्यार की,,,
मुझे, अगले जन्म में, बनाना माँ,
पौढ़ी, अपने दरबार की ॥

इस पौढ़ी पे, बैठेगा जब,
दो पल माँ, कोई भक्त तेरा ।
मुक्त दुःखों से, हो जाएगा,
ये बेटा, उस वक्त तेरा ॥
पढ़ लेना, अर्जी मेरी*,
आगे माँ, मर्जी तेरी* ॥
*दिल में ही, रह ना जाए कहीं,
हसरत, तेरे दीदार की,,,
मुझे, अगले जन्म में, बनाना माँ,
पौढ़ी, अपने दरबार की ॥
(मईया शेराँवाली ।
मईया जोतांवाली ।
मईया मेहराँवाली ।)

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

स्वर : अनूप जलोटा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27035/title/mujhe-agle-janam-me-banana-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |